भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2442
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद और एसडीएस योजनाएं**

**†2442. श्री सुरेश कुमार शेटकरः**
**श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से लेकर अब तक स्वीकृत और पूर्ण की गई परियोजनाओं की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और कई प्रमुख तीर्थस्थलों में इसके कार्यान्वयन में देरी के क्या कारण हैं;

(ख) स्वदेश दर्शन और स्वदेश दर्शन 2.0 योजनाओं के अंतर्गत चिन्हित और विकसित किए गए स्थलों की संख्या कितनी है, और इन स्थलों के चयन के लिए प्रयुक्त मानदंड क्या हैं और किस प्रकार क्षेत्रीय एवं सांस्कृतिक विविधता सुनिश्चित की गई है;

(ग) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि स्वदेश दर्शन के अंतर्गत अधिकांश निधियन कुछ लोकप्रिय परिपथों तक ही सीमित रही है, जबकि आकांक्षी जिलों, पिछड़े क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों को न्यूनतम सहायता प्राप्त हुई है;

(घ) यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए / उठाए जा रहे हैं;

(ङ) स्थानीय, ग्रामीण और अनोखे स्थलों को बढ़ावा देने के लिए "देखो अपना देश" पहल के अंतर्गत उठाए गए ठोस कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार ने किस प्रकार यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू पर्यटन का लाभ छोटे टूर ऑपरेटरों, स्थानीय कारीगरों और होमस्टे सुविधा प्रदाताओं तक पहुंचे?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) के तहत देश भर में चिह्नित धार्मिक एवं विरासत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना की शुरूआत से, पर्यटन मंत्रालय ने 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों में 54 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका ब्यौरा **अनुबंध-I में** दिया गया है।

उक्त योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी विभिन्न कारकों, जैसे निविदा प्रक्रिया में देरी, राज्य कार्यान्वयन एजेंसी की सीमित क्षमता,

परियोजना नियोजन और डिज़ाइन में देरी एवं अपेक्षित दस्तावेज़ों का प्रस्तुत न किए जाने से होती है।

तथापि, पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से परियोजना की प्रगति की निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी करता है।

(ख): स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने चिह्नित विषयगत परिपथों के तहत 5290.30 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों के विकास हेतु इस योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया और 2108.87 करोड़ रुपये की 52 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध -II** में दिया गया है।

योजनाओं के तहत पर्यटन विकास परियोजनाओं का चयन योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तथा संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ गहन परामर्श के बाद किया जाता है तथा इसमें भारत की क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विविधता को भी ध्यान में रखा जाता है।

इसके अलावा, स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत गंतव्यों/परियोजनाओं की पहचान में एक समग्र विकास का दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें भविष्य की पर्यटन क्षमता, कनेक्टिविटी, स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन के साथ अनुरूपता आदि शामिल हैं।

(ग) और (घ): स्वदेश दर्शन योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने देश भर में विभिन्न विषयगत परिपथों के तहत 5290.30 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें ग्रामीण, हिमालयी, जनजातीय, इको-पर्यटन, वन्यजीव, तटीय, पूर्वोत्तर आदि जैसे विषय शामिल हैं।

(ङ): पर्यटन मंत्रालय ने देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2020 में 'देखो अपना देश' नामक पहल की शुरुआत की। इस पहल के तहत, मंत्रालय वेबिनार, क्वीज, शपथ, सेमिनार, पर्यटन प्रचार कार्यक्रम, परिचायक टूर, वेबसाइट, सोशल मीडिया आदि जैसे विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से भारत के पर्यटन स्थलों और उत्पादों  का संवर्धन करता है।

(च): पर्यटन मंत्रालय ने छोटे टूर ऑपरेटरों, स्थानीय कारीगरों और होमस्टे प्रदाताओं सहित पर्यटन सेवा प्रदाताओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के लिए "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण" (सीबीएसपी) योजना लागू की है, ताकि देश की अपार पर्यटन क्षमता का भरपूर लाभ उठाने के लिए पर्यटन उद्योग के हर स्तर पर जनशक्ति को उन्नत किया जा सके और स्थानीय लोगों को पेशेवर विशेषज्ञता प्रदान की जा सके और साथ ही पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर पैदा किए जा सकें।

******

**अनुबंध-I**

श्री सुरेश कुमार शेटकर और श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत द्वारा प्रसाद और एसडीएस योजनाएं के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2442 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित राशि (करोड़ रु. में) | जारी की गई कुल राशि (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | पूर्ण. |
| 2. | आंध्र प्रदेश | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | पूर्ण |
| 3. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 27.37 | जारी |
| 4. | आंध्र प्रदेश | अन्नवरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 0 | जारी |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 2020-21 | 37.88 | 31.02 | जारी |
| 6. | असम | गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | पूर्ण |
| 7. | बिहार | पटना साहिब का विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | पूर्ण |
| 8. | बिहार | गया, बिहार में विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | पूर्ण |
| 9. | बिहार | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 | 0 | जारी |
| 10. | छत्तीसगढ़ | डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छतीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 48.44 | 40.19 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 11. | गोवा | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | 4.68 | जारी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12. | गुजरात | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | 10.46 | पूर्ण |
| 13. | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | पूर्ण |
| 14. | गुजरात | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | पूर्ण |
| 15. | गुजरात | गुजरात में अंबाजी मंदिर बनासकांठा में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 30.00 | जारी |
| 16. | हरियाणा | पंचकुला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 | जारी |
| 17. | जम्मू एवं कश्मीर | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर का विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 18. | झारखंड | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 19. | कर्नाटक | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 | 0.00 | जारी |
| 20. | कर्नाटक | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 | 0 | जारी |
| 21. | कर्नाटक | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 | 0 | जारी |
| 22. | केरल | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | पूर्ण |
| 23. | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 42.47 | पूर्ण |
| 24. | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 25. | महाराष्ट्र | त्रियंबकेश्वर, नाशिक का विकास | 2017-18 | 45.41 | 38.44 | जारी |
| 26. | मेघालय | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.29 | 27.78 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 27. | मिज़ोरम | मिज़ोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 26.37 | जारी |
| 28. | मिज़ोरम | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत | 2024-25 | 5.47 | 0 | जारी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मूलभूत सुविधाओं का विकास | | | | |
| 29. | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 23.56 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 30. | नागालैंड | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 15.45 | जारी |
| 31. | ओडिशा | मेगा सर्किट के अंतर्गत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देमुली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | पहले ही बंद किया गया |
| 32. | पुडुचेरी | श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्रा सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | 2024-25 | 25.94 | 0 | पूर्ण |
| 33. | पंजाब | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | जारी |
| 34. | पंजाब | चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास | 2021-22 | 30.52 | 21.93 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 35. | राजस्थान | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | जारी |
| 36. | सिक्किम | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 37. | तमिलनाडु | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | पूर्ण |
| 38. | तमिलनाडु | वेलंकनी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | पूर्ण |
| 39. | तमिलनाडु | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 | 0 | जारी |
| 40. | तेलंगाना | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 41. | तेलंगाना | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 32.73 | जारी |
| 42. | तेलंगाना | भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का | 2022-23 | 41.38 | 8.43 | जारी |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | | | |
| 43. | तेलंगाना | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 | 0 | जारी |
| 44. | त्रिपुरा | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर उदयपुर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 28.01 | जारी |
| 45. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | पूर्ण |
| 46. | उत्तर प्रदेश | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | पूर्ण |
| 47. | उत्तर प्रदेश | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | पूर्ण |
| 48. | उत्तर प्रदेश | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 49. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | पूर्ण |
| 50. | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 51. | उत्तराखंड | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | पूर्ण |
| 52. | उत्तराखंड | बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 38.38 | जारी |
| 53. | उत्तराखंड | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 2021-22 | 54.36 | 10.22 | पहले ही बंद किया गया **(**भौतिक रूप से पूर्ण**)** |
| 54. | पश्चिम बंगाल | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | भौतिक रूप से पूर्ण |

*******

**अनुबंध-II**

श्री सुरेश कुमार शेटकर और श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत द्वारा प्रसाद और एसडीएस योजनाएं के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2442 के भाग (ख) से के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ 2016-17 | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली - जीरो-योम्चा का विकास | 96.72 |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास | 94.68 |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 |
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय | जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - | 96.10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2015-16 | महेशपुर - कुर्दार - सरोधदादर - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास | 59.17 |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर - मोढेरा का विकास | 91.12 |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 77.39 |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालय परिपथ:कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | 68.34 |
| 22. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 |
| 23. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 81.60 |
| 24. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 |
| 26. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 27. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.44 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रहमनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी- बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास | 74.02 |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखेडी - गिराड का विकास | 45.47 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास | 72.23 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग-इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास | 92.26 |
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - | 66.37 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास | 97.36 |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 70.82 |
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | दुबरियापेट - अरिकमेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 |
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | 34.96 |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 85.32 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 98.05 |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास | 82.85 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी-नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास | 44.83 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास - जिला टिहरी | 69.17 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास | 76.32 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 76. | - | मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 17.50 |
| **कुल** | | | | **5290.33** |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 97.52 | 9.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2023-24 | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2.99 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 1.40 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 1.85 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | 2023-24 | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 1.28 |
| 6. | असम | 2023-24 | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2.66 |
| 7. | असम | 2023-24 | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.88 | 2.38 |
| 8. | बिहार | 2024-25 | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव | 165.44 | 16.54 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | केंद्र का विकास | | |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर का विकास, कबीरधाम जिला | 145.99 | 14.59 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | 2024-25 | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 147.13 | 0.00 |
| 11. | गोवा | 2023-24 | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 24.07 | 2.40 |
| 12. | गोवा | 2023-24 | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 19.98 | 1.99 |
| 13. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 26.68 | 2.68 |
| 14. | हरियाणा | 2024-25 | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का जीर्णोद्धार | 65.82 | 6.58 |
| 15. | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी मंदिर (जिला - ऊना) | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 56.26 | 5.62 |
| 16. | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.63 | 2.56 |
| 17. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.71 | 0.27 |
| 18. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.48 | 1.84 |
| 19. | केरल | 2023-24 | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 1.39 |
| 20. | केरल | 2024-25 | अलप्पुझा | अलप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 93.17 | 9.31 |
| 21. | केरल | 2024-25 | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 75.87 | 7.58 |
| 22. | लद्दाख | 2023-24 | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 23.16 | 2.31 |
| 23. | लद्दाख | 2023-24 | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 11.91 | 1.19 |
| 24. | लक्षद्वीप | 2024-25 | बंगारम | बंगाराम में पर्यटक अनुभव का संवर्धन | 81.18 | 8.11 |
| 25. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 1.67 |
| 26. | मध्य प्रदेश | 2023-24 | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव | 27.21 | 2.72 |
| 27. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | पीताम्बरा पीठ, दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 44.24 | 0.00 |
| 28. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 | 7.62 |
| 29. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 0.00 |
| 30. | मेघालय | 2023-24 | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 3.24 |
| 31. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव | 38.85 | 3.88 |
| 32. | मिजोरम | 2024-25 | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 33.87 | 3.38 |
| 33. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 0.78 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34. | नागालैंड | 2023-24 | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव | 21.56 | 2.15 |
| 35. | नागालैंड | 2024-25 | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 32.54 | 3.25 |
| 36. | पुदुचेरी | 2023-24 | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 0.00 |
| 37. | पंजाब | 2023-24 | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 0.00 |
| 38. | पंजाब | 2023-24 | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2.59 |
| 39. | राजस्थान | 2023-24 | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 21.65 | 2.65 |
| 40. | राजस्थान | 2024-25 | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 | 0.00 |
| 41. | राजस्थान | 2024-25 | करणी माता मंदिर, बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.57 | 0.00 |
| 42. | राजस्थान | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 | 0.00 |
| 43. | सिक्किम | 2023-24 | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 1.54 |
| 44. | सिक्किम | 2023-24 | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2.25 |
| 45. | तमिलनाडु | 2023-24 | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 0.00 |
| 46. | तेलंगाना | 2023-24 | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 5.68 |
| 47. | तेलंगाना | 2023-24 | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 3.80 |
| 48. | त्रिपुरा | 2024-25 | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा हेरिटेज विलेज और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 48.94 | 4.89 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 | 1.45 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.80 | 1.78 |
| 51. | उत्तराखंड | 2023-24 | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 17.86 | 1.78 |
| 52. | उत्तराखंड | 2023-24 | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 19.89 | 1.98 |
| **कुल** | | | | | **2108.87** | **166.35** |

*******